(d) to (f). It is understood that the Committee meets once in every quarter to decide the distribution of paper. On the basis of the allocations made by the Committee, the allottees place orders on the nominated mills and draw supplies. A watch is being kept on the proper utilisation of the paper. The Central Government has no record of the number of meetings held actually or details of the persons who attended the meetings or decisions taken in each meeting.

आर्डनेंस पैराशूट फैक्टरी, कानपुर में अधिकारियों की पदोन्नति

5034. श्री मनोहर लाल : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ महीने पूर्व आर्डनेंस पैराशूट फैक्टरी कानपुर में कुछ कर्मचारियों को पदोन्नति संबंधी नियमों की पूर्ण अवहेलना करते हुए सुपरवाइजर 'ए' के रूप में पदोन्नत किया गया था क्योंकि वे कुछ अधिकारियों के चहेते व्यक्ति थे जिसके परिणामस्वरूप प्रभावित कर्मचारियों को विवश हो कर न्याय पाने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायलय में जाना पड़ा; और

(ख) क्या प्रभावित कर्मचारियों को इस संबंध में न्याय दिलाने तथा कर्मचारियों एवं विभाग का समय और पैसा बचाने और कर्मचारियों को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति किये जाने के लिए कोई जांच किए जाने का विचार है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० शेरसिंह) : (क) जी नहीं। ये पदोन्नतियां भर्ती नियमों के अनुसार ही की गई थीं। इसलिए जिन कर्मचारियों का अधिक्रमण किया गया था उन्हें रिट याचिका दायर करने के लिए मजबूर किए जाने का प्रश्न नहीं उठता ।

(ख) जी नहीं ।

विदेशों से अखबारी कागज तथा मशीनरी की खरीद

5035. श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सस्ती दरों पर अखबारी कागज तथा मशीनरी की खरीद के लिये विदेशों में अपने प्रतिनिधि भेजने का निर्णय किया है ;

(ख) यदि हां, तो इस पर कितनी राशि खर्च होगी; और

(ग) इस प्रयोजन के लिये किन-किन देशों के साथ बातचीत करने का विचार है

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते।

Transfer of Indian Language Unit to Publications and Information Directorate (CSIR)

5036. SHRI RAMJILAL SUMAN: Will the Minister of SCIENCE AND TECHNOLOGY be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1374 on 22nd June, 1977 and state:

(a) whether Government have finalised the decision to transfer the administrative control of the Indian Languages Unit (CSIR) to the Publications & Information Directorate (CSIR); and

(b) if not, the probable date by which the decision will be finalised on the issue?

THE PRIME MINISTER (SHRI MORARJI DESAI): (a) and (b). No, Sir. The matter is still under consideration.